# अमर उजाला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं | महानगर | वर्ष 58 | अंक 209 | पृष्ठ: 24+22 | मूल्य: सात रुपये | बरेली | शनिवार, 15 अगस्त 2026


**Page No. 02 : Top**

## कैंसर स्क्रीनिंग कैंप में पौने चार सौ मरीजों की हुई जांच, 170 संदिग्ध

बरेली। आजादी के पर्व पर अमर उजाला और एसआरएमएस की ओर से आयोजित 'देश की आजादी से, कैंसर से आजादी तक' कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का शुक्रवार को समापन हुआ। चेयरमैन देव मूर्ति ने ब्रेस्ट कैंसर क्लीनिक का उद्घाटन कर 250 रुपये में स्क्रीनिंग की घोषणा की। साथ ही, किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए निशुल्क वैक्सीनेशन की घोषणा की। तीन दिवसीय कैंप में करीब पौने चार सौ मरीज जांच के लिए पहुंचे। इनमें से 170 कैंसर संदिग्ध मिले। 40 मरीजों में ब्रेस्ट, 45 मरीजों में मुंह, फेफड़ों के कैंसर की पुष्टि हुई। पांच लोगों में बड़ी आंत का कैंसर और तीन में प्रोस्टेट कैंसर का भी पता चला। अन्य को विस्तृत जांच के लिए रेफर किया गया। कैंसर कॉलिज डायरेक्टर डॉ. पियूष कुमार अग्रवाल, डॉ. हिमांशी खट्टर, डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, एमएस डॉ. आरपी सिंह, वाइस प्रिंसिपल डॉ. रोहित शर्मा, डीन पीजी डॉ. एसके सागर व अन्य लोग मौजूद रहे। ब्यूरो

SRMS
कैंसर से आज़ादी



देव मूर्ति।


# दैनिक जागरण

Bareilly, Saturday, 15 August 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 20

Published from BAREILLY • Agra • Dehradun • Gorakhpur • Jamshedpur • Kanpur • Lucknow • Meerut • Patna • Prayagraj •

inext DYNAMIC EDITION | Only at ₹3.50 daily


**Page No. 03 : Middle**

# SRMS में मात्र ₹250 में ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (14 Aug):** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आजादी के पर्व पर आयोजित तीन दिवसीय कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का शुक्रवार को समापन हो गया. इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने कॉलेज में 'ब्रेस्ट कैंसर क्लीनिक' का उद्घाटन किया. उन्होंने ऐलान किया कि इस क्लीनिक में हजार रुपये के स्थान पर महिलाओं की स्क्रीनिंग सिर्फ 250 रुपये में की जाएगी. साथ ही बालिकाओं को सर्विक्स कैंसर से बचाव के लिए मुफ्त वैक्सीन लगाई जाएगी. यह क्लीनिक हर शुक्रवार को संचालित होगा, जहां डॉ. हिमांशी खट्टर महिलाओं की जांच करेंगी. चेयरमैन देव मूर्ति ने कहा कि कैंसर लाइलाज नहीं है, समय पर पहचान होने पर इसका पूरी तरह इलाज संभव है. महिलाओं के संकोच को देखते हुए यहां महिला डॉक्टर द्वारा ही जांच की व्यवस्था की गई है.

